हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


14 संकुल समन्वयक नियमित रुप से स्कूलों की करें मॉनिटरिंग



12 समिति 27 को निकालेगी कांवड़ यात्रा, पोस्टर का ...





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागों हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in

बी.एम. आई.टी.आई.
- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25


## ख़बर संक्षेप

### छह माह बाद नवागढ़ नगर पंचायत की सामान्य सभा आज



**बेमेतरा/नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ की सामान्य सभा की बैठक अब आज बुधवार, दोपहर 12 बजे नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। नगर पंचायत चुनाव के बाद से यह बैठक बार-बार टलती रही है, जिससे विकास और प्रशासनिक कार्य प्रभावित हुए हैं। करीब छह माह से कई अहम प्रस्ताव लंबित हैं। अब जाकर बैठक के लिए 27 प्रस्तावों का विस्तृत एजेंडा जारी किया गया है। इनमें विकास कार्यों की न्यूनतम दरों की स्वीकृति, प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों की सूची को अंतिम रूप देना, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के आवेदन, ठेले-खोमचे व्यवस्थित करना, दुकानों के किराये का निर्धारण, आरसीसी नाली और सीसी रोड निर्माण, नगर पंचायत भवन की मरम्मत तथा सामुदायिक भवन निर्माण जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके अलावा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने, सहायिका और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति जैसे प्रशासनिक विषयों पर भी निर्णय लिया जाना है। चुनाव के बाद से अध्यक्ष और पार्षदों के बीच समन्वय की कमी के कारण बैठकें लगातार स्थगित होती रही हैं। नतीजतन कई योजनाओं का क्रियान्वयन अटका रहा और जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अब नगरवासियों की नजरें बुधवार को होने वाली इस बैठक पर टिकी हैं।

### राशि दोगुना करने के नाम पर ठगी, गिरोह पकड़ाया

**भिलाई।** शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर राशि दोगुना करने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। मामले में पुलिस ने दुर्ग पोटिया के राजा नटवरलाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 2 वर्ष में रकम को दोगना कर वापस करने का झांसा देते हुए आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य ने करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की। इस मामले में कसडोल पुलिस ने 4 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए हैं। आरोपियों ने कसडोल, लवन, गिधौरी, शिवरीनारायण, महासमुंद, रायगढ़ आदि के लोगों को शिकार बनाया। पुलिस ने सबसे पहले आरोपी राजा नटवरलाल उर्फ दिवाकर अवसरिया को हिरासत में लिया। दिवाकर ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपी रामनारायण साहू सहित अन्य के साथ मिलकर धोखाधड़ी की साजिश रचने की जानकारी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी से 4 मोबाइल एवं नगदी 9 लाख 71 हजार जब्त किया। मामले में अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**बैठक :** मुख्यमंत्री कार्यक्रम व स्वतंत्रता दिवस तैयारी के लिए दिए आवश्यक निर्देश

## कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें अधिकारी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला कार्यालय के दिशा भवन में कलेक्टर रणवीर सिंह शर्मा की अध्यक्षता में अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन स्तर पर संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और जिले में पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशासन सुनिश्चित करने संबंधी निर्देश दिए गए। कलेक्टर शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ किया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मांगी गई जानकारियां समय पर और स्पष्ट रूप में भेजें तथा मुख्यमंत्री एवं उच्च कार्यालय से प्राप्त निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। उन्होंने कर्तव्य निर्वहन में जवाबदेही सुनिश्चित करने एवं दायित्वों का समयबद्धता से निर्वहन करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसी भी कार्य में लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**प्रतियोगिता परीक्षा में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक:** बैठक में जिले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर परीक्षा की पारदर्शिता प्रभावित नहीं होनी चाहिए और किसी भी अवांछनीय गतिविधि की संभावना को प्रारंभिक स्तर पर ही निष्क्रिय किया जाए। परीक्षार्थियों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप परीक्षा में सम्मिलित करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### लंबित प्रकरणों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश

बैठक के दौरान समय-सीमा के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि जनता से जुड़ी समस्याओं, आवेदनों व लंबित फाइलों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनदेखी पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। कुल मिलाकर बैठक में प्रशासनिक कार्यों को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा ने स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे शासन की मंशा के अनुरूप जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने में अपना श्रेष्ठ योगदान देंगे।

### मुख्यमंत्री कार्यक्रम व स्वतंत्रता दिवस को लेकर विशेष निर्देश

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रस्तावित जिले में संभावित आगमन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक तैयारी रखने और विभागीय समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम का आयोजन सुचारू और गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हो, यह सभी विभागीय अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी कड़ी में आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व को गरिमामय और प्रेरणादायक ढंग से मनाया जाना चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने विभागीय दायित्वों का पालन शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार करें और बेहतर तालमेल से कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की दो दिवसीय हड़ताल की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

- 20 वर्षों से लंबित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन को घेरा
- 16-17 जुलाई को होगा ध्यानाकर्षण प्रदर्शन, एनएचएम कर्मचारियों ने दी सूचना

छत्तीसगढ़ प्रदेश नेशनल हेल्थ मिशन कर्मचारी संघ राज्य के राष्ट्रिय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का संघ है जो कर्मचारी हित में सतत प्रयासरत है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 20 वर्कार्यरत प्रदेश के 16 हजार स्वास्थ्य कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्षरत है।

इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य बीते 20 वर्षों से लंबित मूलभूत 10 सूत्रीय मांग, नियमितीकरण, ग्रेड पे निर्धारण, 27% वेतन वृद्धि, मेडिकल अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति का निर्धारण, समान काम समान वेतन, जॉब सुरक्षा, अनुकंपा नियुक्ति, नियमित पदों के भर्ती में आरक्षण, चिकित्सा बीमा मांगो पर शासन का ध्यान केंद्रित करना है जो कि वर्तमान सरकार के चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत उक्त समस्याओं के समाधान का वादा भी किया गया है। जैसे कि 10 सूत्रीय मांगों पर आज पर्यंत तक कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे कर्मचारियों में निराशा है। ऐसे में शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने हैतु संघ ने दिनांक 16 व 17 जुलाई को दो दिवसीय ध्यान आकर्षण प्रदर्शन करने का लिया गया है।

**ये रहे उपस्थित:** 10 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के कर्मचारियों के जिला अध्यक्ष पुरन दस, ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजेश दुबे, ▶▶| शेष पेज 13 पर

## प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की बैठक में बनाई गई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण एवं छात्र-छात्रा सम्मान समारोह की तैयारियों को मिली गति

प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन नवागढ़ ब्लॉक की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष शक्तिधर दीवान ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 20 जुलाई को बेमेतरा स्थित ऐलांस पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर एवं छात्र-छात्रा सम्मान समारोह की रूपरेखा और रणनीति तय करना था। बैठक में श्री दीवान ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच होगा, बल्कि छात्रों के उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने का भी माध्यम बनेगा। उन्होंने सभी संस्था प्रमुखों से कार्यक्रम में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### संगठन को मजबूती देने पर सहमति

बैठक में ब्लॉक एवं जिला संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के संबंध में भी चर्चा हुई। सदस्यों ने संगठनात्मक एकता को मजबूत बनाए रखने और निजी शिक्षण संस्थानों के हितों की रक्षा हेतु सामूहिक प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई। ▶▶| शेष पेज 13 पर

## भागवत कथा व रुद्राभिषेक का हुआ भव्य शुभारंभ

**थानखम्हरिया।** नगर के श्री राधाकृष्ण जमात मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह एवं रुद्राभिषेक का शुभारंभ 14 जुलाई को भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा हनुमान मंदिर से आरंभ होकर श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, पंचवटी शिव सरोवर, गौरव पथ, भारतमाता चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुॅची। नगरवासियों ने जगह-जगह फूल-मालाओं से भागवत भगवान तथा कथावाचिका सुश्री विद्या दुबे का स्वागत किया। यात्रा में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पं. ओमप्रकाश जोशी, महंत बसंतबिहारी दास, अशोकानंद महाराज, युगल दुबे, अनिल सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मनोज मुरारका, उमा, दीपक बंसल, राजेश ठाकुर, हरि अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। ▶▶| शेष पेज 13 पर



## जिपं अध्यक्ष ने ग्राम राखी व अकलवारा के स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

- गुणवत्ता शिक्षा के लिए शिक्षकों को दिए सुझाव, बच्चों से किया आत्मीय संवाद



शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने मंगलवार को दो शासकीय विद्यालयों – ग्राम राखी (जोबा) की पूर्व माध्यमिक शाला एवं ग्राम अकलवारा की प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एक तरफ जहां उन्होंने बच्चों से सीधा संवाद किया, वहीं, शैक्षणिक व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करते हुए शिक्षकों से कई विषयों पर संवाद कर सुधारात्मक सुझाव भी प्राप्त किए। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी विद्यालयों के निरीक्षण दौरे के तहत सबसे पहले ग्राम राखी (जोबा) की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पहुंची। वहां उन्होंने बच्चों से बातचीत की। उनकी कक्षाओं में जाकर ब्लैकबोर्ड पर पढ़ाया और उनकी पढ़ाई, लेखन क्षमता व समझ को भी परखा। उन्होंने बच्चों से शिक्षा, अनुशासन और उनकी आवश्यकताओं के बारे में खुलकर जानकारी ली। ग्राम राखी (जोबा) के बाद वह ग्राम अकलवारा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचीं, जहां उन्होंने बच्चों के साथ संवाद किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों की पढ़ाई का स्तर जाना, शिक्षकों की उपस्थिति, नियमितता और मिड-डे मील की स्थिति की गहन समीक्षा की। वहीं, बच्चों को स्कूल में मिलने वाली मिड-डे मील की गुणवत्ता की भी उन्होंने समीक्षा की। बच्चों को पौष्टिक आहार मिल रहा है या नहीं, इस पर विशेष ध्यान दिया। छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी लेकर उनके शिक्षा के प्रति रुझान को ▶▶| शेष पेज 13 पर

**खपरी धोबी के सरपंच ने स्कूल के 200 बच्चों को दिया उपहार**

## शिक्षित व्यक्ति हर जगह प्राप्त करता है सम्मान : निर्मलकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



दुनिया में शिक्षा के मंदिर को दान करने वालो की कभी कमी नहीं रही। उक्त कहावत को चरितार्थ करते हुए एक और सराहनीय पहल हुई है। और, बाल देवो भव की पंक्तियां चरितार्थ हुई है।

शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी विकासखंड के बच्चों को समुदाय से बच्चों व स्कूल हित में दान के रूप में उपहार के रूप में सहयोग लगातार मिल रहा है। आज सहयोग की कड़ी मे ग्राम के सरपंच गिरधारी निर्मलकर व उनके पुत्र अनुराग निर्मलकर व देवराज निर्मल द्वारा स्वयं के खर्च से विद्यालय के कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को पेन, कापी, पट्टी, पहाड़ा, और मिट्टी का का कलम छोटे नन्हे बच्चों को प्रदान किये। बच्चे पेन कापी पट्टी पहाड़ा पाकर बहुत ही खुश हुए। सभी ने सामूहिक रूप से सरपंच और उनके पुत्रों को धन्यवाद दिये।

कापी पेन पहाड़ा पट्टी वितरण पश्चात उद्बोधन में सरपंच गिरधारी निर्मलकर ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा, आप सभी अच्छे से पढ़ाई लिखाई करें। जीवन में पढ़ाई-लिखाई का एक अलग ही स्थान है। शिक्षित व्यक्ति का हर जगह सम्मान होता है। आपके सभी शिक्षक बहुत ही अच्छे से हमारे के इस स्कूल को सजा संवार के और सुरक्षित रखे हैं। बस आप सभी को मन पढ़ाई करना है। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिका थुकेल राम तारम, विजय लक्ष्मी रावत, तारकेश्वर निर्मल, रूखमणी सेन, चंद्र शेखर कश्यप, सफाई कर्मचारी रूपचन्द्र यादव, मिडिल स्कूल अध्यक्ष बिरझु वर्मा, ग्राम पंचायत सचिव पंचराम निषाद, जयरामु निर्मलकर व शाला के समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

### जीवन का आधार है शिक्षा : प्रधानपाठक

शाला के प्रधान पाठक धनेश रजक ने बच्चों को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि बच्चों शिक्षा जीवन का आधार है। खूब पढ़ो, खूब आगे बढ़ो, सरपंच गिरधारी निर्मलकर व उनके पुत्र अनुराग निर्मलकर को शाला परिवार की ओर से धन्यवाद दिया गया। प्रधान पाठक ने कहा कि बहुत अच्छा लगा आप हमारे पूरे 200 बच्चों को पेन कापी पहाड़ा पट्टी उपहार में दिये। सबसे बड़ी और अच्छी बात यह रही कि आपने और अनुराग ने पहली दूसरी के बच्चों के लिए पट्टी पहाड़ा और मिट्टी का कलम प्रदान किये। आप बच्चों के प्रति बारिकी से ध्यान रखते हैं।

## कृषि महाविद्यालय ढोलिया में मना विश्व युवा कौशल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तीकरण' विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि नया कौशल सीखना एक नई दुनिया को देखने जैसा है। हर युवा को इस अनुभव को महसूस करना चाहिए क्योंकि सीखना ही एक ऐसा गुण है जिसे कोई भी हमसे छीन नहीं सकता। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि कृषि क्षेत्र में एआई का उपयोग पोषक तत्वों की पहचान, कीट व रोग नियंत्रण, मौसम पूर्वानुमान और सटीक कृषि प्रिसिजन फॉर्मिंग जैसे विभिन्न पहलुओं में किया जा सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया। युवा कौशल दिवस का ▶▶| शेष पेज 13 पर

# कल्चुरी कालीन शिव मंदिर में सुबह 4 बजे से लाइन, कांवड़ लेकर दर्शन को पहुंच रहे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हिंदू पंचांग का पांचवां महीना सावन भगवान भोले को अत्यधिक प्रिय है। 11 जुलाई से सावन माह की शुरुआत हो चुकी है। सोमवार को श्रावण माह का पहला सोमवार रहा। जिले में मुख्य आकर्षण शिव मंदिर देवबलोदा में देखने को मिला, जहां सुबह 4 बजे से भक्त भगवान शिव के दर्शन को पहुंचने लगे। मंदिर में जलाभिषेक और विधि-विधान से पूजा के लिए भक्त कतारों में घंटों खड़े रहे। पंडितों ने बताया कि इस बार 4 सोमवार पड़ रहे हैं। 11 जुलाई को सावन माह की शुरुआत हुई। 14, 21, 24 जुलाई और 4 अगस्त को सोमवार पड़ रहे हैं। 9 अगस्त रक्षबंधन के दिन पूर्णिमा के रोज सावन मास का समापन होगा। सोमवार व्रत के दिन भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा विशेष विधि-विधान से की जाती है। इसलिए देवबलोदा में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। खारून नदी से जल लाकर भक्तों ने जल चढ़ाया। कांवड़ यात्रा निकालकर भक्त पूरे दिन मंदिर परिसर में पहुंचते रहे। जल के साथ पुष्प, बेलपत्र, धतूरा, मंदार पुष्प गाय का कच्चा दूध, विजया पत्र, मधु, गुड़, इत्र, पंचामृत आदि एवं माता पार्वती की श्रृंगार सामग्री चढ़ाई गई। शिव चालीसा ओम नमः शिवाय का जप एवं महामृत्युंजय के मन्त्र का जप करते भक्त नजर आए।

## देवबलौदा में विधि विधान से हो रही पूजा



### भक्तों का लगता है रेला

मंदिर के सामने नंदी मंडप और इसमें विराजित नंदी भी देखने लायक है। मंडप में बनी कई प्राचीन मूर्तियां बनी हुई है। मंदिर का दूसरा द्वार जो कुंड की ओर खुलता है, उसके प्राचीन पिलर हैं। पूर्व पार्षद राम सूर्यवंशी ने बताया कि सोमवार को सुबह से ही भक्तों का रेला लगा रहा। यहां कोई पुजारी नहीं है, लेकिन मंदिर रोजाना सुबह 6 से शाम 6 बजे तक खुले रहता है। हर सोमवार मंदिर परिसर में खिचड़ी वितरण का निर्णय लिया गया है। वहीं अंतिम सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम और जस गायन का आयोजन किया जाएगा।



### 12वीं-13वीं शताब्दी पुराना है कल्चुरी कालीन शिव मंदिर

पुरातत्व विभाग और स्थानीय लोगों की मानें तो यह मंदिर 12-13वीं शताब्दी पुराना कल्चुरी कालीन पुराने शिव मंदिर है। पिछले दिनों बीएसपी ने इसे गोद लेकर इसके सौंदर्यीकरण का निर्णय भी लिया है। इसके लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और बीएसपी के बीच अनुबंध हुआ है। सीएसआर मद से यह राशि खर्च की जानी है। मंदिर में मुख्यद्वार, नंदी मंडप, मंदिर का मंडप, गर्भगृह और यहां बनी प्राचीन कलाकृतियां आकर्षण का केंद्र है।गर्भ गृह के मुख्यद्वार पर लगे भगवान गणेश और स्वामी कार्तिकेय की प्राचीन मूर्तियां टूट गई हैं।

## खबर संक्षेप



### महाविहार मुक्ति आंदोलन का बसपा ने किया समर्थन

**दुर्ग।** बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओ ने आल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम एवं समस्त बौद्ध संगठनों के तत्वधान में महाबोधी महाविहार बौद्ध गया में बीटी एक्ट 1949 को निरस्त करने तथा बौद्ध गया को गैर बोद्धों के कब्जे से मुक्त कराने दुर्ग जिले में लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। बसपा ने धरना स्थल पर जाकर प्रदर्शनकारियों व बौद्ध भिक्षुओं से मिलकर उनकी मांगों का पूर्ण समर्थन कर इनकी मांगों को राज्यसभा में उठाने का वादा किया इस मौके पर शहर विधानसभा इकाई अध्यक्ष सचिन गवई, बंटी चौरे, देवा आनंद कुंभकार, मुकेश महिलागे, राधेश्याम प्रसाद, भारत जोशी, चैन सिंह धृतलहरे, एलडी मासुलकर, जितेंद्र रंगारी, महेंद्र चौहान, रमेश कुर्रे, प्रखर, मदन व अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## सरकारी फरमान बेअसर : व्यवहार ठीक नहीं होने को बताया कारण

# विधायक की अनुशंसा पर तबादला अधिकारी जिला छोड़ने तैयार नहीं

**एक सप्ताह के अंदर नई पदस्थापना वाली जगह में लेनी है ज्वाइनिंग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गृह मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा 30 जून 2025 को लोक अभियोजन विभाग के 29 अधिकारियों का तबादला अलग अलग जिलों में किया गया था। इस आदेश में दुर्ग के लोग अभियोजन विभाग में पदस्थ उप निदेशक अनुरेखा सिंह चंदेल का नाम भी शामिल था। उन्हें दुर्ग से बालोद का उप निदेशक बनाया गया। बता दें कि दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने खुद गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर अनुरेखा चंदेल का तबादला दूसरे जिले में करने की अनुशंसा की थी। विधायक ने पत्र में आरोप लगाया था कि उप निदेशक अनुरेखा चंदेल का व्यवहार स्थानीय जन प्रतिनिधियों और कर्मचारियों के प्रति ठीक नहीं है। उनका सभी से अनावश्यक वाद विवाद होता रहता है, इसलिए इनका ताबादला दूसरी जगह किया जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि इनकी कार्यशैली शासन की योजना के अनुरूप नहीं है। ऐसा कहा जा रहा है कि विधायक की अनुशंसा के बाद अनुरेखा सिंह चंदेल का तबादला बालोद जिला हुआ है। 30 जून को तबादला आदेश जारी होने के 15 दिन बीत जाने के बाद भी अनुरेखा दुर्ग से रिलीव नहीं हुई हैं।




### पुलिस महानिदेशक के आदेश पर हैं जिले में

इस बारे में जब उप निदेशक अनुरेखा सिंह चंदेल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनकी जगह ज्वाइन करने के लिए अभी तक कोई अधिकारी नहीं आया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ शासन को इस संबंध में अवगत कराया है। जब उनका आदेश होगा तो वो बालोद ज्वाइन कर लेंगी। डीडीओ पावर होने के चलते वो बिना अधिकारी के आदेश रिलीव नहीं हो सकती हैं।

### अपने अधीनस्थ अधिकारी को नियम के तहत कर दिया रिलीव

तबादला होने के बाद भी अनुरेखा सिंह के रिलीव ना होने के बाद अब कार्यालय में सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एक अधिकारी ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया कि गृह मंत्रालय से ही यहां पदस्थ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी पाटन राघवेंद्र पाण्डेय का तबादला दूसरी जगह हुआ था। वो मेडिकल लीव पर थे, लेकिन उप निदेशक अनुरेखा चंदेल ने शासन को पत्र लिखा कि शासन की स्थानांतरण नीति 2025 की कंडिका 1.12 के तहत राघवेंद्र पाण्डेय को एक सप्ताह के अंदर आदेशित स्थान बालोद में ज्वाइन करना है। वो मेडिकल लीव पर हैं, इसे देखते हुए उन्हें एकपक्षीय कार्यमुक्त करके बालोद भेजा जाता है। कर्मचारियों और अधिकारियों का कहना है कि अनुरेखा चंदेल दूसरे को नियम के तहत भेज सकती हैं तो वो नियम उनके ऊपर क्यों लागू नहीं हो रहा है।

# समिति 27 को निकालेगी कांवड़ यात्रा, पोस्टर का किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शिवनाथ कांवड यात्रा समिति की बैठक हुई। जिसमें 27 जुलाई को कांवड यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। यह यात्रा कुम्हारी के खारुन नदी से जल लेकर दुर्ग शिवनाथ नदी के भूतेश्वर महादेव में अर्पित की जाती है यात्रा की कुल दूरी 33 किमी की होती है, जिसमें हजारों शिवभक्त कांवड लेकर बोल बम के नारों के साथ नाचते झूमते चलते हैं। समिति के संरक्षक उपकार चंद्राकर ने समिति के अन्य सदस्यों के कार्यों का विभाजन किया। जिसमे कार्यक्रम संयोजक विपिन चंद्राकर एवं सह संयोजक तेजस पाल व आशीष शुक्ला को बनाया गया। कार्यक्रम प्रमुख के रूप में सुरेंद्र साहू, विकास अग्रवाल, आकाश ठाकुर को यात्रा प्रमुख वरुण यादव व सह प्रमुख कुलदीप शर्मा, कृष्णा साहू, अखिल वर्मा को बनाया गया। अन्य दायित्वों का भी विभाजन समिति के सदस्यों के मध्य किया गया। साथ ही कांवड यात्रा के पोस्टर का भी विमोचन समिति द्वारा किया गया। बैठक में समिति के सदस्य तुलसी ध्रुव, बालमुकुंद वर्मा, अंजय पांडेय, रुपेन्द्र यादव, अजय साहू, महेंद्र साहू, हर्षित साहू, अभिषेक शर्मा, पुष्पराज, सुदर्शन, अनिल बिनिया, दीप पटेल, संदीप पाली, आशीष वर्मा लकेश्वर कोसले, महेश तिवारी, सम्यक तिवारी, धनेश्वरी साहू, पदमिनी साहू, रीना चंद्राकर, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

- 33 किलोमीटर की होती है यात्रा

## पाली में पीपीटी, नान पीपीटी एवं लेटरल एंट्री की रिक्त सीटों में होगा प्रवेश

**दुर्ग।** प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थाओं के साथ साथ उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में पीपीटी के माध्यम से नान पीपीटी तथा लेटरल एंट्री के माध्यम से सत्र 2025-26 में मेरिट के आधार पर द्वितीय चरण के ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रवेश के पश्चात रिक्त सीटों में संस्था स्तर पर प्रवेश के लिए पंजीयन 10 जुलाई से शुरु हो गई है जो 13 जुलाई के रात्रि 11.59 बजे तक होगी। इसकी प्रावीण्यता सूची 18 जुलाई को अपराह्न 4 बजे जारी की जाएगी। प्रवेश के लिए मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर प्रवेश का अवसर लेने के लिए विद्यार्थियों को संबंधित संस्था में 19 जुलाई को सुबह 10 बजे उपस्थित होना होगा।

# नालियों में गोबर बहाने पर डेयरी संचालकों पर कार्रवाई, सुपरवाइजर को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- महापौर ने समस्याओं के समाधान पर दिया जोर
- गौठान संचालक पर कार्रवाई के निर्देश

महापौर अलका बाघमार ने वार्ड 16 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था की हकीकत जानी। सुबह 9 बजे से 11.30 बजे तक चले इस निरीक्षण में उन्होंने सिकोला भाठा, कर्मचारी नगर, जयंती नगर और साईं नगर का भ्रमण किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने पाया कि गोठान संचालकों द्वारा मोहल्ले की नालियों में लगातार गोबर बहाया जा रहा है, जिससे पानी की निकासी अवरुद्ध हो रही है और नागरिकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित सुपरवाइज़र को फटकार लगाई और तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि गली-मोहल्लों की नालियों में इस प्रकार गोबर बहाना बेहद गैरजिम्मेदाराना है और इसकी पुनरावृत्ति होने पर डेयरी संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोषियों को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि कई नालियों की महीनों से सफाई नहीं हुई है। कर्मचारी नगर से जयंती नगर जाने वाले मार्ग की नालियों व गलियों में गंदगी की स्थिति को देख महापौर ने सफाई अमले की लापरवाही पर नाराजगी जताई। महापौर श्रीमती बाघमार ने एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पार्षद खिलावन मटियारा, पार्षद युवराज कुंजाम, मोहेन्द्र साहू, विनोद मांझी, प्रेरणा दुबे आदि मौजूद थे।



## मानसून सत्र के प्रथम दिन विधायक रिकेश ने विधानसभा प्रांगण में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के प्रथम दिवस वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा परिसर में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधा रोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान को पूरे देश में महाअभियान बनाया जा रहा है। वैशालीनगर भिलाई क्षेत्र में कई जगहों पर इस अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। अभियान में लोगो को जुड़ने के लिए हम सभी लगातार प्रेरित कर रहे हैं। हम सभी को अपने जन्मदिन सहित हर खास अवसर पर एक पौधा जरूर रोपना चाहिए, क्योंकि यह अभियान हम सभी के लिए जीवनदान है।



### शोकाकुल परिवार को दी आर्थिक सहायता



**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत देवादा सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा द्वारा गांव के अर्जुन वर्मा के आकस्मिक निधन पर उनके परिवार को 5 हजार नगद राशि एवं 1 कट्टा चावल देकर सहयोग प्रदान की। विदित हो कि लक्ष्मी वर्मा सरपंच निर्वाचित होने के बाद से लगातार गांव के हर जरूरतमंद परिवार को मांगलिक और दुःख के कार्यों में आर्थिक सहायता एवं अन्न दान देकर उन्हें सहयोग प्रदान कर रही है।

# टाउनशिप में जलभराव के लिए बीएसपी प्रबंधन जिम्मेदार, देवेंद्र ने अधिकारियों से की बात

## विधायक ने कार्यालय में लोगों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- सेक्टर-5 कार्यालय में भेंट मुलाकात
- सैकड़ों लोगों ने रखीं अपनी समस्याएं

विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान टाउनशिप क्षेत्र के सेक्टर-1, सेक्टर-2, सेक्टर-3, सेक्टर-4 सहित कई अन्य वार्डों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सामने रखा।

लगातार बारिश के कारण नागरिकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने शिकायत की कि बारिश का पानी उनके घरों और गलियों में भर रहा है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं कई वार्डों के लोगों ने नलों में गंदा और दूषित पानी आने की समस्या भी बताई, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में नागरिकों ने बिजली, नाली निर्माण, राशन कार्ड, पेयजल व्यवस्था, पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं भी रखीं।

विधायक देवेंद्र यादव ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समाधान के निर्देश दिए। यादव ने कहा कि बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में जलभराव की विकराल स्थिति के लिए बीएसपी प्रबंधन जिम्मेदार है। बारिश के पूर्व नालों की समुचित सफाई नहीं की गई, जिसके चलते पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और लोगों के घरों में पानी भर रहा है। इस संबंध में उन्होंने बीएसपी प्रबंधन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नालों की जल्द से जल्द सफाई कराई जाए और स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जाए।



## परसदापार में राशन उप-वितरण प्रणाली खोलने की लगाई गुहार

# मड़ियापार के ग्रामीणों को राशन के लिए जाना पड़ता है 4 किमी दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 118 आवेदन प्राप्त हुए।

- भानपुरी ग्रामवासियों ने आवासीय पट्टा प्रदान करने की लगाई गुहार

ग्राम भानपुरी के ग्रामीणों ने आवासीय पट्टे की मांग की। ग्रामवासियों ने बताया कि वे पिछले 50 वर्षों से इस भूमि पर मकान बनाकर निवासरत हैं, लेकिन आज तक उनके पास मकान की वैध स्वामित्व से संबंधित कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। इस कारण वे शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं और उन्हें अपने घरों को लेकर हमेशा एक अज्ञात भय बना रहता है। उन्होंने बताया कि उनके पास राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि मौजूद हैं। इतने वर्षों पुराने निवास को वैधानिक मान्यता देते हुए आवासीय पट्टा प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने कहा।



### शराब दुकान खोलने पर जताई आपत्ति

किसान बंधु संगठन धमधा द्वारा ग्राम अछोली में शराब दुकान खोलने में आपत्ति एवं निविदा निरस्त करने की मांग की। ग्राम पंचायत अछोली सहित आसपास के 15 से 20 गाँवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम धमधा और आबकारी विभाग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

### राशन दुकान खोलने की मांग

ग्राम पंचायत मड़ियापार के सरपंच ने ग्राम पंचायत मड़ियापार के आश्रित ग्राम परसदापार में राशन उप-वितरण प्रणाली खोलने की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में गांव के 243 राशनकार्डधारी नागरिकों को अपने मासिक राशन के लिए लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मड़ियापार की उचित मूल्य की दुकान तक जाना पड़ता है। गाँव के बुजुर्ग, महिलाएँ और असहाय परिवारों के लिए यह दूरी तय करना बेहद कठिन हो जाता है, जिससे वे समय पर और नियमित रूप से राशन प्राप्त नहीं कर पाते हैं। इस पर कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। इस दौरान नगर निगम दुर्ग, रिसाली, भिलाई, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# कृषक उन्नति योजना का लाभ लेने 31 अक्टूबर के पूर्व पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खरीफ वर्ष 2025 से कृषक उन्नति योजना में धान के साथ-साथ फसल विविधिकरण प्रोत्साहन के तहत दलहन-तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भता के लक्ष्य के साथ योजनान्तर्गत विहित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे धान के अतिरिक्त दलहन-तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसलें (कोदो, कुटकी, रागी) एवं कपास फसल लेने वाले कृषकों को 10 हजार रू प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

- कृषकों को मिलेगा 10 हजार प्रति एकड़ आदान राशि

इसके अतिरिक्त विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत 11 हजार रू. प्रति एकड़ की दर से आदान सामग्री का भुगतान किया जाएगा। कृषकों से कहा गया है कि योजना का लाभ लेने हेतु 31 अक्टूबर के पूर्व संबंधित सहकारी समिति के माध्यम से एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये।

**खबर संक्षेप**



## मोटर साइकिल चोरी करने वाला देवार गिरोह पकड़ाया

**भिलाई।** पद्मनाभपुर पुलिस ने कोतवाली दुर्ग, मोहन नगर, पद्मनाभपुर व अन्य थाना क्षेत्र में बाइक चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 14 बाइक जब्त की गई है। आरोपी शराब भट्टी के पास मोटर साइकिल बेचने के फिराक में थे। पुलिस को मुखबिर से खबर मिली,घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों में नरेन्द्र मरकाम लालबाग, राजनांदगांव, मोहन मरकाम, बासीन, मुकेश मरकाम सलोनी, राजेश मरकाम सुरगी राजनांदगांव, प्रहलाद उर्फ बोडो देवार शामिल हैं।

## गार्ड को मारा चाकू

**भिलाई।** लक्ष्मी नगर मार्केट में गार्ड का काम कर रहे व्यक्ति पर अज्ञात ने चाकू से हमला कर फरार हो गया। घायल का उपचार अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक नेपाल निवासी इंद्र बहादुर लक्ष्मी नगर मार्केट में गार्ड का काम करता है। दुकान के सामने सोया हुआ था। अज्ञात दो युवक पहुंचे और उस पर पीठ में चाकू से हमला किया। युवक नशे के हालात में होने की खबर है।

## पुनर्मूल्यांकन के बाद अक्षत बने 10वीं के टॉपर

**भिलाई।** भिलाई के स्टूडेंट अक्षत गुप्ता इस साल सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा में 99.2 प्रतिशत अंक के साथ टॉपर बन गए हैं। इसके पहले इसी स्कूल के शाश्वत अग्रवाल 99 प्रतिशत अंक के साथ टॉपर थे। लेकिन पुनर्मूल्यांकन का परिणाम आने के बाद 99.2 प्रतिशत अंक के साथ अब अक्षत गुप्ता टॉपर हो गए हैं। पुनर्मूल्यांकन के परिणाम से अक्षत पूरी तरह संतुष्ट हैं।अपनी आगे की पढ़ाई में जुट गए हैं। अक्षत के पिता डॉ पराग गुप्ता बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा सर्जरी विभाग के यूनिट प्रमुख हैं। वहीं उनकी माता डॉ. हिमानी गुप्ता, बीएसपी में मुख्य सलाहकार, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, जेएलएन अस्पताल सेक्टर 9 हैं। अक्षत शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। इसके पहले वे 8 वीं और 9 वीं में भी अपने स्कूल के टॉपर रहे हैं।

## जामुल पालिका क्षेत्र के स्कूलों की बदलेगी तस्वीर

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में पीआईसी की बैठक हुई। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि जामुल में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हायर सेकेण्डरी स्कुलों में 71 लाख रूपये के लागत से संधारण,उन्नयन कार्य किया जाएगा। वार्डो में पार्षद निधि से नाली निर्माण, चबुतरा निर्माण, बोर खनन, भवन संधारण, पाईप लाईन विस्तार, सीसी रोड निर्माण अतिरिक्त कक्ष का निर्माण 25 लाख रूपए से होना है। राजपूत समाजिक भवन के लिए भूमि आबंटन, वार्ड 1 एवं 14 में मंगल भवन को किराये पर देने पालिका कार्यालय में कैंटिन को देने सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन, राष्ट्रीय सहायता प्रकरण एवं सुरडुंग स्कुल में पुस्तकालय कक्ष निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# गोपालपुर में हुई जिला स्तरीय लॉन टेनिस व सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सात खिलाड़ियों का चयन

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोपालपुर विकासखंड साजा में जिला स्तरीय लॉन टेनिस व सॉफ्ट टेनिस बालक/बालिका प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। संभाग स्तर के लिए गोपालपुर से साक्षी साहू, आकांक्षा मानिकपुरी, गरिमा गंधर्व, रोशन दुबे, पवन चंद्राकर, राज चंद्राकर, छत्रपाल का चयन हुआ है। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष दौलत नाथ योगी ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर की। साथ ही सभी खिलाड़ी बालक बालिका को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर, संभाग एवं राज्य के लिए चयन होकर नाम रोशन करने की बात कही और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। रचना साहू ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। जिसमें विभिन्न स्कूलों से प्रतिभागी बच्चे एवं खेल शिक्षक उपस्थित थे। प्रमुख रूप से विजय कुमार पाण्डेय सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, खेल शिक्षक जे आर रजक, काजल कुमारी, विष्णु धीवर, उमाशंकर, सोमप्रभ श्रीवास, विनोद कांबले, सहित संस्था के प्रभारी प्राचार्य विनोद शर्मा, प्रभारी प्रधान पाठक लालाराम कश्यप, ढालसिह यादव, शिक्षक बिसेन सिंह राजपूत, अमित शर्मा, संजय कुमार पाण्डेय, राजाराम साहू, व्याख्याता मोहन दास बंजारे, घनश्याम प्रसाद माडीले, उदयपाल वर्मा, सहायक ग्रेड 2 ख़ुदबहार सिंह राजपूत सहित संस्था के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, ग्रामसभा में उठी जनप्रतिनिधियों और विभागीय लापरवाही पर सवाल

# मुर्रा की सड़क बदहाली पर 21 जुलाई को नेशनल हाईवे में चक्काजाम का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नांदघाट



ग्राम मुर्रा में रविवार को आयोजित आमसभा में ग्रामीणों ने क्षेत्र की बदहाल सड़कों को लेकर जमकर आक्रोश जताया। सेमरिया से मुर्रा मार्ग तथा खैरा-ढाबापार-मुरकुटा मार्ग की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए ग्रामीणों ने आगामी 21 जुलाई को रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे में चक्काजाम करने का ऐलान किया है।

सभा में ग्राम के सरपंच, पंच, बुद्धिजीवी, महिला, युवा, किसान समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि सेमरिया से मुर्रा मार्ग लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है जबकि खैरा से मुर्रा होकर ढाबापार-मुरकुटा मार्ग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत है, परंतु वर्षों से इन मार्गों की मरम्मत नहीं की गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि ये सड़कें अब सिर्फ कागजों में मौजूद हैं, जमीनी हकीकत में ये गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिनसे होकर गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है। बारिश के दिनों में मरीज, बच्चे और स्कूली विद्यार्थी सबसे अधिक परेशान होते हैं। कई हादसे भी इन सड़कों पर घट चुके हैं। आमसभा में अन्य कई जर्जर मार्गों का भी उल्लेख हुआ, जिनके लिए ग्रामीणों से चक्काजाम में शामिल होने की अपील की जाएगी। इनमें अकोली-करमसेन-खैरा मार्ग, चिचोली-किरता-टोहड़ी-कापा-लोहडंगिया मार्ग, भोपसरा-दर्री-मोहलाइन मार्ग, चक्रवाय-कापा-भिलौनी मार्ग, टेमरी पहुँच मार्ग, एरमशाही-मुरकुटा-कुरा मार्ग, कुरा-भीखमपुर-बदनारा मार्ग, मल्दा-कान्हरपुर-भीखमपुर मार्ग और मगरघटा से मल्दा मार्ग शामिल हैं। ग्राम मुर्रा, ढाबापार, सेमरिया, इटई, मुरकुटा सहित आसपास के हजारों ग्रामीण, महिला-पुरुष, विद्यार्थी इस आंदोलन में शामिल होने के लिए तैयार हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह लड़ाई सिर्फ सड़कों की नहीं, बल्कि सम्मान और अधिकार की है।


मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क पर सिर्फ गिट्टियां ही गिट्टियां, चलना हुआ दूभर

मुर्रा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क से ग्रामीणों को सुविधा कम और मुसीबत ज्यादा

### सुशासन तिहार में भी आवेदन दिए, मिले सिर्फ आश्वासन

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़कों के मरम्मत हेतु सुशासन तिहार में कई बार आवेदन दिए गए, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर लोगों को गुमराह किया गया। अब ग्रामीणों का सब्र टूट चुका है। सभा में निर्णय लिया गया कि अगर 20 जुलाई तक कोई ठोस पहल नहीं की गई, तो 21 जुलाई को रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में चक्काजाम किया जाएगा। इसकी पूर्ण जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग तथा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग की होगी।

# संगठन विस्तार के तहत नए पदाधिकारियों की नियुक्ति युवाओं को मिली जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

- धनंजय बने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी बेरला ब्लॉक युवा अध्यक्ष, वहीं नंदू निषाद जिला मिडीया प्रभारी

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की जिले भर के कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार आयोजित हुई। जिसमें भिलाई में होने वाली हरेली रैली का प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता दर्ज कराने की सहमति बनी वही बेमेतरा जिला में भी जल्द ही विशाल आयोजन करने चर्चा किए ओर रूपरेखा बनाई गई।

इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी नियुक्त किया गया जिनमें बेरला ब्लॉक की युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी ग्राम गब्दा के धनंजय निषाद दी गई ओर बेरला ब्लॉक युवा उपाध्यक्ष भूषण प्रताप निषाद वही नंदू निषाद बेमेतरा जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए । इसी तरह छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के नए पदाधिकारी भी नियुक्त किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष की कमान लुकेश्वर साहू सौंपी गई ओर ग्रामीण अध्यक्ष अनुज यदु, प्रहलाद साहू ग्रामीण उपाध्यक्ष, हितेश पाटिल सुरहोली ग्रामीण अध्यक्ष, किशोर साहू नवागांव ग्रामीण अध्यक्ष बनाए गए । बैठक में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के काफ़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## वृक्ष जीवन का आधार हैं, पौधा लगाना हम सभी का कर्तव्य है: नपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल कोबिया में मंगलवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद् बेमेतरा के अध्यक्ष विजय सिन्हा रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं। आज पौधा लगाना हम सभी का कर्तव्य है, ताकि आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं एवं विद्यालय प्रांगण की समस्याओं से अवगत होकर उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया।

ये रहे उपस्थितः इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा शहर मंडल बेमेतरा के अध्यक्ष युगल देवांगन, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश वर्मा, प्राचार्य अवन कुमार जांगड़े, वार्ड पार्षद नीलम रामसजीवन टंडन, पूर्व पार्षद साधेलाल बघेल, सांसद प्रतिनिधि मदन वर्मा, भाजयुमो बेमेतरा के मंत्री गोलू कोशले, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष कमलेश वर्मा, देवनाथ पाल, प्राथमिक शाला की प्रधानपाठक सुनीता साहू, माध्यमिक प्रधानपाठक पवन वर्मा सहित स्कूल स्टाफ व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिक्षकों में संजय शर्मा, राजकुमार सिरसाहा, सुषमा ठाकुर, ऊषा साहू, खलखो, ठाकुर समेत समस्त विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही।

# रानो में किया गया बाल कैबिनेट का गठन



**बेमेतरा।** साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में बाल कैबिनेट, विज्ञान एवं गणित क्लब तथा इको क्लब का गठन किया गया। जिसमें कक्षा आठ से डिम्पल वर्मा को प्रधानमंत्री एवं ईशान वर्मा को उप प्रधानमंत्री बनाया गया। कक्षा आठवीं के कक्षा नायक के रूप में गंगा निषाद एवं उप कक्षा नायक के रूप में दीपाली साहू को चुना गया।

कक्षा सातवीं में केसर वर्मा एवं एकेश्वर साहू को क्रमशः कक्षानायक एवं उप कक्षानायक चुना गया।तथा कक्षा छठवीं से राजेश्वरी मानिकपुरी एवं नीलेश वर्मा को कक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई। बाल कैबिनेट में क्रीड़ा प्रभारी, खाद्य प्रभारी,पर्यावरण प्रभारी, सांस्कृतिक प्रभारी, स्वच्छता प्रभारी, अनुशासन प्रभारी, पुस्तकालय प्रभारी एवं स्वास्थ्य प्रभारी भी बच्चों के द्वारा चुने गए।इसके साथ ही विज्ञान एवं गणित क्लब का भी गठन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन एवं अवध राम वर्मा को नियुक्त किया गया। इसमें कुल ग्यारह सदस्यों को शामिल किया गया। इको क्लब का भी गठन किया गया। सभी चयनित पदाधिकारियों का ग़ुलाल लगाकर स्वागत किया गया तथा अपने कार्य को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## बीएसपी को मिला मुखिया महापात्रा बने डीआईसी

**भिलाई।** सेल की सबसे बड़ी यूनिट भिलाई इस्पात संयंत्र को जल्द ही फुलफ्लेश मुखिया मिल जाएगा। बोकारो स्टील प्लांट के ईडी चितरंजन महापात्रा बीएसपी के नए डायरेक्टर इंचार्ज होंगे। सोमवार को यहां उनकी नियुक्ति का आदेश इस्पात मंत्रालय ने जारी कर दिया है। बीएसपी में पूर्व में ईडी रह चुके श्री महापात्र की नई व बड़ी जिम्मेदारी से भिलाई इस्पात संयंत्र में हर्ष का माहौल है। राष्ट्रपति के रिकमंडेशन पर इस्पात मंत्रालय द्वारा बीएसपी के नए डायरेक्टर इंचार्ज की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया गया है। बोकारो के ईडी सीआर महापात्रा जल्द ही बीएसपी के मुखिया का पदभार ग्रहण करेंगे। तीस अप्रेल को बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दास गुप्ता के रिटायर होने के बाद से यह पद रिक्त है।

# टाउनशिप में बारिश के पानी निकासी की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के आपदा प्रबंधन द्वारा मानसून के लिए तैयारी तेज कर दी गई है। शुरुआत में तीन दिन हुई बारिश के दौरान टाउनशिप में जलभराव रोकने के लिए स्थिति को नियंत्रण में बनाये रखा। इस दौरान 5.3 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई। सेक्टर 4, 6, 2 आदि क्षेत्रों में पानी भरने की स्थिति बनी, लेकिन विभाग पहले से ही तैयार था। हर वर्ष की तरह वर्षा ऋतू से पहले ही मानसून प्रीपेरेशन में नालों की गहराई से सफाई, किनारों की मरम्मत और बहाव की दिशा को सुव्यवस्थित करने का कार्य किया गया । प्रबंधन के मुताबिक लगातार बारिश एवं एक ही दिन में तीन घंटे की लगातार वर्षा तथा रहवासियों के द्वारा किये गये अवैध निर्माण कार्य ने वर्षा जल के निकास को बुरी तरह अवरुद्ध कर दिया। प्रभावित क्षेत्रों पर नगर सेवाएँ विभाग की आपदा प्रबंधन टीम तत्परता से 4 जेसीबी एवं 10 से 15 मजदूरों की सहायता से जल भराव की स्थिति होने के बावजूद मौजूद अवरुद्ध को हटाने में कामयाब रही एवं 4 से 5 घंटे के कार्य से ही जल भराव को नियंत्रित कर लिया गया। पुनरावृत्ति न हो इसलिए नगर सेवाएँ विभाग द्वारा नाले सफाई का कार्य निरंतर प्रगति पर है।

## पेज 11 के शेष

### संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की ...

अभिषेक राजपूत, अरुण यादव, मुकेश बोहरे, तेजस्वी साहू, आशीष साहू, राजू खांडे, लोकनाथ साहू, स्टाफ नर्स, पुकेश्वरी, मनीषा, मधु अन्य सभी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी की उपस्थिति में आदरणीय बीएमओ को, डा. विनोद बघेल (नेत्र रोग विशेषज्ञ), एवं दिनेश मेश्राम ( लेखपाल) के उपस्थिति में दो दिवसीय हड़ताल की सूचना दिया गया।

### प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट ...

से संस्था प्रमुख रहे उपस्थित : इस अवसर पर नवागढ़ ब्लॉक के विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रमुखगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से गजपाल सिंह खुराना, कोषन कुंभकार, विरेंद्र जायसवाल, राजेश दीवान, दिब्यम शुक्ला, भीमपाल वारे, आनंद गायकवाड़, प्रमोद साहू, हमीद बेग, दिलहरण साहू, अरुण नवरंग एवं नीलांबर राजपूत शामिल थे।

### भागवत कथा व ...

शिवेंद्र व प्रीति बिंदल मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विधि-विधान से व्यास पीठ का पूजन किया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीराम सेवा सत्संग मानस समिति एवं महिला स्व सहायता समूह, शिव शक्ति मानस मंडली ग्राम दर्री द्वारा किया गया। **पहले दिन गौकर्ण और धुंधकारी की कथा सुनाई:** कथा के प्रथम दिन सुश्री विद्या दुबे ने गौकर्ण और धुंधकारी की कथा सुनाई जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे गौकर्ण ने अपने भाई के मोक्ष के लिए भागवत कथा का आयोजन किया और प्रेत योनि में फंसे भाई धुंधकारी को मोक्ष दिलाया। यह कथा श्रोताओं को आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। भक्तिमय वातावरण में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का रसपान किया।

### जिपं अध्यक्ष ने ग्राम ...

भी जाना। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए खुलकर चर्चा की और आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही बच्चों को आगे बढ़ने का साधन बनती है।

**बच्चों के भविष्य को गढ़ना एक बड़ी जिम्मेदारी:** इस औचक दौरे के बारे में पूछे जाने पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि विद्यालयों का निरीक्षण कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि बच्चों के उज्जवल भविष्य को गढ़ने की एक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधि स्वयं जमीन पर उतरते हैं, तो व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता दोनों बढ़ता है। निरीक्षण के पश्चात दोनों ही गावों के विद्यालय परिसरों में उन्होंने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, हरियाली और जीवनदायिनी प्रकृति की सौगात देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी द्वारा किए गए इस निरीक्षण से यह स्पष्ट है कि वह न केवल प्रशासनिक दायित्वों को गंभीरता से निभा रही हैं, बल्कि बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर संवेदनशीलता और सक्रियता दोनों प्रदर्शित कर रही हैं। यह पहल क्षेत्र में शिक्षा की स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

### कृषि महाविद्यालय ढोलिया ...

यह आयोजन छात्रों में नवीन तकनीकों एवं डिजिटल दक्षताओं के प्रति जागरुकता लाने की दिशा में एक प्रभावी पहल सिद्ध हुआ।

### पदुमलाल पन्नालाल बख्शी सृजनपीठ भिलाई में भी अध्यक्ष का इंतजार

# उपेक्षित हैं प्रदेश के आधा दर्जन साहित्यक सृजन और शोधपीठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- साहित्यकारों ने कहा- जल्द करें न पिछड़े साहित्य का काम

कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने कहा था कि साहित्य राजनीति के आगे चलने वाली मशाल है। लेकिन समाज को दिशा देने वाले भिलाई सहित राज्य सरकार के अधीन आधा दर्जन साहित्यक पीठों में सन्नाटा पसरा हुआ है। बख्शी सृजन पीठ भिलाई सहित राज्य के अन्य साहित्यिक सृजन और शोध पीठों में अब तक अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हुई है। इसके चलते गतिविधियों पर विराम लगा हुआ है। साहित्यकारों ने जल्द सभी पीठों में



फाइल फोटो

साहित्यिक की समझ रखने वाले अध्यक्षों की नियुक्ति की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने के बाद नई सरकार का एक साल से अधिक का कार्यकाल बीत चुका है। इस दौरान सरकार द्वारा प्रदेश के अधिकतर निगमों, मंडलों और आयोगों में अध्यक्ष की नियुक्ति की जा चुकी है। लेकिन विभिन्न साहित्यिक सृजन और शोध पीठ उपेक्षित हैं।

पं. पदुमलाल पन्नालाल बख्शी सृजन पीठ भिलाई सहित विभिन्न शहरों में स्थित 7 सृजन और शोधपीठों में सालभर बाद भी अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं किए जाने की जहमत नहीं उठाई गई है। इससे इन पीठों में तमाम गतिविधियां थमी हुई हैं, जिससे साहित्यकारों व साहित्यप्रेमियों में निराशा व खिन्नता है। प्रदेश के प्रमुख साहित्यिक संस्थानों में बख्शी सृजन पीठ भिलाई के सहित रायपुर में पं. सुंदरलाल शर्मा शोध पीठ, बख्शी सृजन पीठ, छग राज्य हिंदी ग्रंथ अकादमी, राजभाषा आयोग, छग उर्दू अकादमी और बिलासपुर में श्रीकांत वर्मा शोध पीठ स्थापित है। सभी पीठों के अध्यक्ष का कार्यकाल 2 का होता है। सरकार बदलने के बाद इनमें नई नियुक्ति की जाती है। लेकिन किसी में भी अध्यक्ष नहीं होने से साहित्य व सांस्कृतिक विमर्श हो पा रहा रहा और न ही साहित्यिक किताबों पर ही विचार मीमांशा ही हो पा रही है।

### पदुमलाल बख्शी सृजनपीठ भिलाई अध्यक्षविहीन

साहित्य व कला की राजधानी के रुप चर्चित भिलाई में स्थित पदुमलाल पन्नालाल बख्शी सृजनपीठ पिछले 28 साल से साहित्यिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रही है। ट्विनसिटी के साहित्यकारों की मांग पर 1998 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की पहल पर उनकी मौजूदगी में यहां भव्य साहित्यिक समारोह में बख्शी सृजनपीठ की स्थापना मप्र सरकार द्वारा की गई थी। अब तक वरिष्ठ साहित्यकार स्व. डां. प्रमोद वर्मा सहित सतीश जायसवाल, वरिष्ठ पत्रकार स्व. बबन प्रसाद मिश्रा, इतिहासकार डां. रमेंद्र मिश्रा तथा सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी व कवि ललित वर्मा अध्यक्ष रह चुके हैं। इनमें प्रमोद वर्मा व डां. मिश्रा दो कार्यकाल तक अध्यक्ष रहे। वर्ष 2023-24 में विधानसभा चुनाव बाद वर्तमान सरकार का एक साल का कार्यकाल कंपलीट होने के बाद से बख्शी पीठ अध्यक्षविहीन है। साहित्यकारों के मुताबिक अन्य आयोगों व मंडलों में नियुक्ति की जा चुकी है लेकिन साहित्य के क्षेत्र को उपेक्षित क्यों छोड़ दिया गया है। 6 साल पूर्व पीठों का संचालन संस्कृति विभाग द्वारा किया जाता था। इसके बाद छग साहित्य अकादमी करती है।पिछली सरकार के दौरान तो छग उर्दू अकादमी में पूरे 5 साल अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई। राज्य सरकार सभी पीठों में जल्द अध्यक्षों की नियुक्ति करे, ताकि साहित्य संस्कृति का काम न पिछड़े।

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ाः प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

विश्व जनसंख्या पखवाड़ा के अवसर पर मंगलवार जुलाई को परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमृत लाल रोहडेलकर, नोडल अधिकारी डॉ बी एल राज द्वारा विश्व जनसंख्या पखवाड़ा 2025 जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। भारत देश में बढ़ती जनसंख्या के कारण लगातार संसाधनों की कमी हो रही है साथ ही जनसंख्या बढ़ने से कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो गई हैं। जिनमें प्रमुख रूप से गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय समस्याओं का सामना लगभग हर देश को करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनसमुदाय को जनसंख्या वृद्धि से होने वाली समस्याओं से जागरुक करने तथा उनसे निपटने हेतु जनसंख्या नियंत्रण के विभिन्न अस्थाई और

## बढ़ती जनसंख्या को थामने बेमेतरा में निकला जनजागरुकता रथ



### ये रहे उपस्थित

जनसंख्या स्थिरिकरण पखवाड़ा 11 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक मनाया जा रहा है इस सम्बन्ध में जनजागरूकता एवं प्रचार प्रसार हेतु सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया उक्त अवसर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बेमेतरा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी परिवार कल्याण, डीपीएम, आर एम एन सी एच जिला समन्वयक एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्थाई साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रति वर्ष 11 जुलाई विश्व जनसंख्या दिवस से जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। 11 जुलाई से 18 जुलाई तक आयोजित पखवाड़े के दौरान जिले के स्वास्थ संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसमें सास बहु सम्मेलन, पुरुष नसबंदी कैम्प लगाना, गर्भ निरोधक अस्थाई और स्थाई साधनों मुख्यतः आईयूसीडी निवेशन, गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा, छाया एवं माला एन. गर्भ निरोधक गोलियों के सेवन, तथा पुरूष एवं महिला नसबंदी के बारे में प्रचार प्रसार करना और लक्षित दंपत्ति को उपयोग के लिए प्रेरित कर अपनाने हेतु परामर्श देने के साथ छोटे परिवार की महत्ता को विशेष रूप से बढ़ावा देना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को मितानिनों के साथ सभी लक्षित दंपति परिवार में गृह भेट कर उचित परामर्श देने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### 17 को शिवनाथ नदी, अमोरा घाट पर होगा मॉकड्रिल

**बेमेतरा।** संभावित बाढ़ आपदा से निपटने एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा और परीक्षण के लिए जिले में 17 जुलाई को बाढ़ बचाव मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह अभ्यास सुबह 8 बजे से शिवनाथ नदी के तट, अमोरा घाट, बेमेतरा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उपरोक्त मॉकड्रिल का उद्देश्य आपदा की स्थिति में प्रशासनिक तत्परता, समन्वय, राहत एवं बचाव कार्यों की दक्षता का आकलन करना है। इस अवसर पर नगर सेना, अग्निशमन, स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, पंचायत, लोक निर्माण, विद्युत, जल संसाधन, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के अमले की भी सहभागिता रहेगी। जिला कार्यालय द्वारा जारी निर्देशानुसार, मॉकड्रिल के दौरान जिले के समस्त वरिष्ठ अधिकारी एवं विभाग प्रमुख मौके पर उपस्थित रहेंगे, जिससे वास्तविक स्थिति के अनुरूप उनकी जिम्मेदारियों का परीक्षण किया जा सके। साथ ही, यह भी देखा जाएगा कि आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल और आपसी समन्वय कितना प्रभावी रहता है। मॉकड्रिल के सफल आयोजन हेतु जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया की इस अभ्यास में सभी अधिकारियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को कहा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा सके।

### खरीफ सीजन में उर्वरक वितरण पर प्रशासन सख्त

**बेमेतरा।** जिले में उर्वरक की कालाबाजारी, तस्करी, डायवर्शन, जमाखोरी एवं अनियमित बिक्री को रोकने हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) का गठन किया गया है। यह कंट्रोल रूम जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक-67, उप संचालक कृषि, संयुक्त कलेक्टोरेट भवन में स्थापित किया गया है। इस नियंत्रण कक्ष की निगरानी हेतु छह सदस्यीय टीम गठित की गई है, जिसमें सहायक संचालक कृषि डॉ. श्याम लाल साहू को नियंत्रण कक्ष प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिनसे म संपर्क किया जा सकता है। इनके सहयोग के लिए वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिनेश कुमार धुर्वे (साजा) को नियंत्रण कक्ष सहायक नियुक्त किया गया है इसी प्रकार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी देवानंद देवांगन (बेरला) नियंत्रण कक्ष सहायक बनाया गया है, नवागढ़ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राकेश कुमार चतुर्वेदी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दीपक कुमार साहू (उर्वरक शाखा प्रभारी) को नियंत्रण कक्ष उप सहायक के रूप में रखा गया है वहीं वाहन चालक कुलेश्वर सिन्हा को भी इस टीम में शामिल किया गया है। यह टीम जिले में उर्वरक से संबंधित शिकायतों, गुप्त सूचनाओं, अनियमित गतिविधियों की निगरानी करेगी और ऐसी किसी भी जानकारी पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करेगी। यह कार्य एफसीओ 1985 के प्रावधानों के अंतर्गत किया जाएगा। साथ ही, शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु यह टीम समय-समय पर रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेगी।

## 34 आवेदनों पर हुई कार्रवाई, कुछ मामलों का मौके पर ही हुआ समाधान

# जनदर्शन में ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं कलेक्टर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

मंगलवार कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष मे जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमे जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए।

जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 34 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी

### अधिकारियों को दिए गए दूरभाष व समक्ष निर्देश जांच योग्य मामलों को टीएल पंजी में किया दर्ज



समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील साजा के ग्राम घोटवानी के निवासी तखतराम वर्मा ने शासकीय आने जाने के रास्ता को बंद किये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील साजा के ग्राम सोमई खुर्द के निवासी रोहित लाल साहू ने क्षति पूर्ति दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नवागढ़ के ग्राम किरता के समस्त ग्रामवासी ने चिचोली से किरता सड़क को मरम्मत कराने के संबंध में आवेदन दिया, बेमतरा वार्ड नं. 11 गंजपारा निवासी रजनी साहू ने अपने पुत्र के ईलाज हेतु पैसा दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम करंजिया निवासी चित्रलेखा वैष्णव ने भूमि की नकल पटवारी द्वारा प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया।

### ग्रामीणों को दिया आश्वासन

इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीं टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी, एसडीएम बेरला दिप्ती वर्मा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अकोला स्कूल में हुआ शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

साजा विकास खंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में एक आवश्यक बैठक रखी गयी। जिसमें शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से रोमन सिंह ठाकुर को अध्यक्ष, जगाधर साहू उपाध्यक्ष, हिमकल्याणी सिन्हा सचिव, हेमलता ठाकुर कोषाध्यक्ष, चन्द्रकुमार पटेल पंचप्रतिनिधि, डाकवर ध्रुव शिक्षाविद, गोपाल पटेल, रेखा ध्रुव, रामकुवर ध्रुव, प्रीति साहू, सतरूपा ध्रुव, इन्द्राणी यादव, उमा साहू, चंद्रपाल यादव, जीवन साहू सदस्य के रूप में नियुक्त किए गये। शाला के प्रधान पाठिका हिमकल्याणी सिन्हा ने सभी का गुलाल लगाकर स्वागत की एवं नए पद के लिए शुभकामनायें दी। नवनिर्वाचित सदस्यों ने बच्चों की शिक्षा के स्तर एवं मध्यान्ह भोजन का अवलोकन किए। सभी ने मिलकर शाला के समस्याओं का निराकरण करने, बच्चों की शिक्षा एवं शाला विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर उपसरपंच जितेंद्र वर्मा, पप्पू पटेल, फिरंता यादव, जानू राम साहू, शंकर साहू, रामसिंग साहू, सोनहर निषाद, राम अवतार साहू, दिलेश्वर साहू, दूरपत विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

- रोमन सिंह ठाकुर बने शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

# बाल कैबिनेट से बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता हैः चंदा सिन्हा



**बेमेतरा।** विद्यालय के सुचारू संचालन के लिए शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़, विकासखंड साजा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। इसमें बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है तथा बच्चे सामाजिक रूप से सक्रिय हो पाते हैं। बच्चों को जिम्मेदारी सौंपने से उसे कार्य को बेहतर तरीके से करने लगते हैं।

विद्यालयों में नए सत्र का आरंभ हुये लगभग एक माह हो गया है। इसके साथ ही बाल केबिनेट को लेकर बच्चों में चर्चा शुरू हो गयी थी। विद्यालय के सुचारू रूप संचालन के लिए शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रजातांत्रिक तरीके से मतदान के द्वारा विभिन्न पदों के लिए बच्चों का चयन किया गया। जिसके लिए बच्चों ने स्वतंत्रतापूर्वक अपने मतों का प्रयोग किया तथा विभिन्न पदों के लिए अपने मनपसंद सदस्यों को चुना। प्रधानमंत्री के पद पर कु डिम्पल कक्षा 5वीं, उपप्रधानमंत्री कमल यादव कक्षा 5वीं, शिक्षा मंत्री लेखराज रजक चौथी, खेलमंत्री कुश रजक चौथी, सांस्कृतिक मंत्री तरुण निर्मलकर 3री, स्वास्थ्यमंत्री कु नीति सेन 3री को चुना गया। कक्षाओं के नियमित संचालन एवं अनुशासित तरिके से कक्षा संचालन के लिए कक्षा पहिली से 5वीं तक कक्षा नायकों का भी चयन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से डिम्पल, कमल, भावेश, पुष्पा, खोमलाल, मिनाक्षी, गगन, देवांश, तोषण, प्रतीक चुने गये। शाला के प्रधानपाठक विशेष नेताम ने चुने गये बच्चों को विभिन्न पदों के जिम्मेदारियों से अवगत कराया। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया, एवं शपथ दिलाया।नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने कहा कि बाल कैबिनेट से बच्चों में नेतृत्व की क्षमता का विकास होता है। इक छोटी पहल से बच्चों में आत्मविश्वास का विकास होता है। बच्चों में संगठन एवं सहयोग की भावना बढ़ती है। बाल केबिनेट बच्चों को एक मंच प्रदान करता है ताकि बच्चे अपनी प्रतिभा को निखार सके।शाला प्रबंधन समिति से देहूति जंघेल का सहयोग रहा। संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास ने सभी बच्चों को शुभकामनायें देकर खुशी जाहिर की।

# प्रधानपाठक बनने पर शिक्षक साहू को दी गई भव्य विदाई



**बेरला।** विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला सिलघट में पदस्थ सहायक शिक्षक प्रमेंश कुमार साहू की पदोन्नति प्रधान पाठक के रूप में प्राथमिक शाला बोरिया विकासखंड साजा में हुई है। इसके सम्मान में पूर्व माध्यमिक शाला सिलघट कक्षा 1 से 8 वीं तक शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा विदाई का कार्यक्रम विगत दिनों रखा गया था।

गौरतलब है कि रमेश कुमार साहू 13 वर्षों तक संस्था में अपनी सेवा दी है। वह नवाचारी शिक्षक थे उनको छात्रों से बहुत लगाव था। उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं ग्रामीणों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर संकुल प्राचार्य दीनबंधु पाल, समन्वयक मनोज वर्मा, प्रधान पाठक कामता प्रसाद गिलहरे एवं ओम साहू, शिक्षक जोगी राम वर्मा, रोहित चंद्रवंशी, शिक्षिका हेमलता तिवारी, हेमलता टिकरिहा, ताकेश्वरी साहू, सरपंच प्रतिनिधि मोहन पानिक, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति राजेश निषाद, उपाध्यक्ष चैताली निषाद, शिक्षा विद कल्याणी टिकरिहा, ज्योति टिकरिहा, गीतांजलि साहू, मीना गंधर्व, रति राम गंधर्व, प्यारे नेताम, कुमारी बाई, गोमती वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य सहित अधिकाधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

बीआरसी कार्यालय में मीटिंग

# संकुल समन्वयक नियमित रुप से स्कूलों की करें मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला



विकासखंड बेरला के समस्त 41 संकुल समन्वयक का आवश्यक मीटिंग बीआरसी कार्यालय बेरला में संपन्न किया गया। जिसमें संकुल समन्वयक को निर्देश प्रदान किया गया कि वह अपने संकुल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालय में सघन मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक प्लानिंग तैयार करें। साथ ही विद्यालय के विभिन्न भौतिक संरचनाओं की जानकारी एवं शिक्षक के समय पर उपस्थित तथा दयनंदनी, समय सारणी एवं साथ ही साथ अपने संकुल क्षेत्र को जितना अच्छा बना सके इसके लिए बैठक संपन्न किया गया। बैठक में मुख्य रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेपी करमाकर ने संकुल समन्वयक को निर्देश प्रदान किया। वह अपने संकुल के अंतर्गत आने वाले विद्यालय में लगातार मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण करते रहे। जर्जर भवन में किसी भी स्थिति में बच्चों को न बिठाए एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, मध्यान भोजन की गुणवत्ता एवं साथ ही साथ जर्जर भवन की जानकारी इत्यादि पर विशेष प्रकार से फोकस करते हुए विद्यालय बच्चों को आसपास के नदी नालों में जाने से रोकने के लिए शिक्षकों अनियमित उपस्थित विद्यालय के खुलने और बंद होने के समय के बारे में कड़े निर्देश प्रदान करते हुए विकासखंड एवं जिला द्वारा ठोस कार्यवाही करने हेतु भी अवगत कराया गया। इसी क्रम में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक खोमलाल साहू के माध्यम से समस्त समन्वयक को बताया गया कि हमारा मुख्य दायित्व होता है। अपने विद्यालय बच्चों को जितना हो सके कक्षा के अनुरूप दक्षता हासिल करने हेतु आवश्यक कदम उठाना। बच्चों को इमला वाचन एवं नवोदय विद्यालय के लिए जानकारी प्रेषित करना एवं राष्ट्रीय साधन परीक्षा हेतु आवश्यक तैयारी करते हुए लगातार इन बच्चों को पढ़ने लिखने के लिए आवश्यक वातावरण का निर्माण करने हेतु एक संकुल समन्वय का मुख्य दायित्व होता है। इसके बारे में विशेष प्रकार से जानकारी प्रदान किया गया।

### साक्षरता कार्यक्रम में मिला लक्ष्य

इसके अलावा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड बेरला को 2000 असाक्षर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है उन असाक्षर का भी पंजीयन उल्लास एप के माध्यम से किया जाना हेतु समस्त सीएसी को जानकारी प्रदान किया गया। उक्त बैठक में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी अधेश कुमार यूईके, नारायण ठाकुर सहित 41 समन्वयक अपनी उपस्थिति प्रदान किया।

## जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक विभागों में समन्वय पर जोर

# नशीली दवाओं की तस्करी और उससे जुड़े अपराधों को रोकने बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- कानून व्यवस्था और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा सर्वोपरि
- सख्त निगरानी और समन्वय से कार्रवाई के निर्देश

नशीली दवाओं की तस्करी और इसके बढ़ते दुष्प्रभावों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टोरेट स्थित दिशा सभागार में जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में ड्रग्स तस्करी की रोकथाम, इससे जुड़े अपराधों पर कठोर कार्रवाई और विभिन्न विभागों के बीच ठोस समन्वय स्थापित करना रहा। कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि नशीली



दवाओं की अवैध गतिविधियां सिर्फ कानून व्यवस्था के लिए नहीं, बल्कि समाज के ताने-बाने और विशेषकर युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक गंभीर खतरा हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को सतर्क रहते हुए आपसी समन्वय के साथ ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। विशेष रूप से पुलिस, खुफिया इकाइयों एवं प्रशासन को निर्देशित किया गया कि वे संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें, नियमित तलाशी अभियान चलाएं और जरूरत पड़ने पर त्वरित कार्रवाई करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने स्पष्ट किया कि जिले के चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाएगी तथा तस्करों के विरुद्ध समय रहते कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि गुप्त सूचना तंत्र को सक्रिय कर ड्रग्स की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने के प्रयास किए जाएं।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आमजन की भागीदारी से नशा विरोधी अभियान को व्यापक रूप दिया जाएगा। खासकर स्कूल, कॉलेज और ग्राम स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाकर युवाओं को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर एडीएम डॉ. अनिल वाजपेयी, डीएसपी श्री राजेश झा, एनकॉर्ड समिति के सदस्यगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जन-जागरूकता अभियानों के साथ-साथ पुनर्वास और परामर्श सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में भी विचार-विमर्श किया गया।

